**Series : SSO/1**

Code No. **59/1/1**
कोड नं.

Roll No.
रोल नं.

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
विद्यार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख पृष्ठ पर कोड नं. अवश्य लिखें ।

- Please check that this question paper contains **12** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **35** questions.
- **Please write down the serial number of the question before attempting it.**
- 15 Minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the student will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न पत्र में मुद्रित पृष्ठ **12** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **35** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# POLITICAL SCIENCE
# राजनीति विज्ञान

*Time allowed : 3 hours ]* *[ Maximum marks : 100*

*निर्धारित समय : 3 घण्टे]* *[अधिकतम अंक : 100*

**General Instructions :**

*(i)* ***All** questions are compulsory.*

*(ii) Question numbers **1** to **10** are of **one** mark each. The answers to these questions should not exceed **20** words each.*

*(iii) Question numbers **11** to **20** are of **two** marks each. The answers to these questions should not exceed **40** words each.*

*(iv) Question numbers **21** to **30** are of **four** marks each. The answers to these questions should not exceed **100** words each.*

*(v) Question numbers **31** to **35** are of **six** marks each. The answers to these questions should not exceed **150** words each.*

सामान्य निर्देश :

*(i)* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न संख्या **1** से **10** का प्रत्येक प्रश्न **एक** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **20** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या **11** से **20** का प्रत्येक प्रश्न **दो** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **40** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या **21** से **30** का प्रत्येक प्रश्न **चार** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या **31** से **35** का प्रत्येक प्रश्न **छः** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **150** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

1. What is meant by US hegemony in world politics ? 1

   विश्व राजनीति में अमरीकी वर्चस्व से क्या अभिप्राय है ?

2. Name the member countries of SAARC. 1

   दक्षेस (SAARC) के सदस्य देशों के नाम लिखिए ।

3. What is 'Amnesty International' responsible for ? 1

   'एमनेस्टी इंटरनेशनल' का उत्तरदायित्व क्या है ?

4. What is meant by global security ? 1

   विश्व सुरक्षा का क्या अर्थ है ?

5. Why should the 'environmental concerns' be part of contemporary global politics ? 1

   'पर्यावरण सम्बन्धी विषयों' को समकालीन वैश्विक राजनीति के हिस्से के रूप में क्यों देखा जाना चाहिए ?

6. How far is it correct to say that globalization results in the erosion of State sovereignty ? 1

   यह कहना कहाँ तक उपयुक्त है कि वैश्वीकरण राज्य की सम्प्रभुता का हनन करता है ?

7. Which theory was behind the partition of India in 1947 ? **1**

1947 में भारत के विभाजन के पीछे कौन सा सिद्धान्त था ?

8. Give the full forms of the NPT and CTBT. **½ + ½ = 1**

एन.पी.टी तथा सी.टी.बी.टी. का विस्तृत रूप लिखिए ।

9. Who was P.C. Mahalanobis ? **1**

पी.सी. महालानोबिस कौन था ?

10. Why did India not join either NATO or SEATO ? **1**

भारत 'नाटो' अथवा 'सीटो' का सदस्य क्यों नहीं बना ?

11. What is Cold War ? **2**

शीत युद्ध से क्या अभिप्राय है ?

12. Why is the fall of Berlin Wall in 1989 treated as the end of bipolarity ? **2**

1989 में बर्लिन की दीवार के ढहने को द्वि-ध्रुवीयता का अन्त क्यों कहा जाता है ?

13. What led to the formation of the European Union ? **2**

यूरोपीय संघ के गठन का कारण क्या था ?

14. Does globalization lead to 'cultural homogenization' or 'cultural heterogenization' or both ? Justify. **2**

क्या वैश्वीकरण 'सांस्कृतिक समरूपता' अथवा 'सांस्कृतिक विविधता' अथवा दोनों को प्रोत्साहित करता है ? औचित्य दीजिए ।

15. How can we protect the rights of the indigenous people with regard to environment ? 2

पर्यावरण के संदर्भ में मूलवासियों के अधिकारों की रक्षा हम कैसे कर सकते हैं ?

16. Mention the role of Sardar Vallabhbhai Patel towards India's integration. 2

भारत के एकीकरण के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल की भूमिका का उल्लेख कीजिए ।

17. How has the method of voting changed from the first General Election of 1952 to the General Election of 2004 ? 2

1952 के पहले आम चुनाव से लेकर 2004 के आम चुनाव तक, मतदान के तरीके में क्या बदलाव आया है ?

18. Mention the causes of 'Kargil Conflict'. 2

'कारगिल संघर्ष' के कारणों का उल्लेख कीजिए ।

19. Why did Dalai Lama seek refuge in India ? 2

दलाई लामा ने भारत में शरण क्यों ली ?

20. 'Regionalism does not imply separatism'. Explain. 2

'क्षेत्रवाद का अभिप्राय पृथकतावाद नहीं है ।' व्याख्या कीजिए ।

21. India's policy of non-alignment has been criticised for being 'inconsistent' and 'unprincipled'. Do you agree ? Why ? 1 + 3

भारत की गुट-निरपेक्षता की नीति को 'अनियमित' तथा 'सिद्धान्तहीन' कहा गया है । क्या आप इस विचार से सहमत हैं ? क्यों ?

22. Study the given map of the world and answer the following questions in your Answer Book. $\frac{1}{2} \times 4 + \frac{1}{2} \times 4 = 4$

(a) Identify and name the countries marked A, B, C and D respectively.


(b) Write the names of the following U.N. Secretary Generals with the names of the countries they belonged to.

(1) Dag Hammarskjöld

(2) Kurt Waldheim

(3) Boutros Boutros-Ghali

(4) Kofi A. Annan




दिए गये विश्व के मानचित्र का अध्ययन कीजिए तथा निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए ।

(अ) अ, ब, स तथा द द्वारा दिखाए गए देशों की पहचान कीजिए तथा उन देशों के नाम क्रमवार लिखिए ।


(ब) संयुक्त राष्ट्र संघ के निम्नलिखित महासचिवों के नाम उनके अपने-अपने देश के सामने लिखिए ।

(1) डेग हैमरशोल्ड

(2) कुर्त वाल्डहीम

(3) बुतरस बुतरस घाली

(4) कोफी ए. अन्नान




**For Blind Candidates only** in lieu of Q. No. 22 :

Answer the following questions : **2 + 1 + 1 = 4**

(a) Name the countries to which the following U.N. Secretary Generals belong :

(1) Boutros Boutros-Ghali

(2) Kofi A. Annan

(3) Kurt Waldheim

(4) Dag Hammarskjöld

(b) Who was the first Secretary General of the United Nations ?

(c) Name the UN Secretary General who belonged to Asia.

**केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 22 के स्थान पर :

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(अ) निम्नलिखित महासचिवों में से प्रत्येक के सम्बंधित देश का नाम लिखिए :

(1) बुतरस बुतरस घाली

(2) कोफी ए. अन्नान

(3) कुर्त वाल्डहीम

(4) डेग हैमरशोल्ड

(ब) संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रथम महासचिव का नाम लिखिए ।

(स) एशिया से सम्बंधित संयुक्त राष्ट्र के महासचिव का नाम लिखिए ।

23. What are the reasons behind the rise of international terrorism ? **4**


अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते आतंकवाद के पीछे क्या कारण हैं ?

24. What is the significance of Kyoto Protocol ? Is India a signatory to this protocol ? **3 + 1 = 4**

'क्योटो प्रोटोकॉल' का क्या महत्त्व है ? क्या भारत ने इस समझौते (Protocol) पर हस्ताक्षर किए हैं ?

25.

The National Front Government led by V. P. Singh was supported by the Left (represented here by Joyti Basu) as well as the BJP (represented by L. K. Advani)




Look at the cartoon given above carefully and answer the following questions :

(a) Does the cartoon refer to a puppet government ?

(b) Describe the role of such a government in the Indian democratic set up.

(c) What is meant by 'Support the Government from outside' ? **1 + 2 + 1 = 4**

वी. पी. सिंह के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय मोर्चा सरकार को वाम मोर्चा (यहाँ प्रतीक रूप में ज्योति बसु) और भाजपा (यहाँ प्रतीक रूप में एल. के. आडवाणी) ने समर्थन दिया था ।




ऊपर दिए गए कार्टून को ध्यान से देखिए तथा निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दीजिए :

(अ) क्या यह कार्टून कठपुतली सरकार की ओर संकेत करता है ?

(ब) भारतीय लोकतांत्रिक ढाँचे में ऐसी सरकार की भूमिका का वर्णन कीजिए ।

(स) 'सरकार को बाहर से समर्थन देना' इस कथन से क्या अभिप्राय है ?

**For Blind candidates only** in lieu of question No. 25 :

Answer the following questions :

(a) What is a coalition government ?

(b) What role does it play in the Indian democratic set up ?

(c) What is meant by 'support the government from outside' ? $1 + 2 + 1 = 4$

**केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 25 के स्थान पर :

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(अ) गठबंधन की सरकार से क्या अभिप्राय है ?

(ब) ऐसी सरकार की भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में क्या भूमिका है ?

(स) 'सरकार को बाहर से समर्थन देना' इस अवधारणा का क्या अर्थ है ?

26. The phrase 'Aaya Ram, Gaya Ram' signifies which concept ? Explain its impact on the Indian political system. **1 + 3 = 4**

'आया राम, गया राम' का मुहावरा किस अवधारणा का द्योतक है ? भारतीय राजनीतिक व्यवस्था पर इसके प्रभाव की व्याख्या कीजिए ।

27. What was Godhra episode ? What were its after-effects ? **2 + 2 = 4**

गोधरा कांड क्या था ? इसके उत्तर-प्रभाव क्या थे ?

28. Describe any two advantages and two disadvantages of 'coalition' government in India. **2 + 2 = 4**

भारत में 'गठबन्धन' सरकार के पक्ष तथा विपक्ष में किन्हीं दो-दो तर्कों का वर्णन कीजिए ।

29. How did the prevalence of 'one-party dominance system' adversely affect the democratic nature of Indian politics ? **4**

'एक दलीय प्रभुत्व प्रणाली' का भारतीय राजनीति के लोकतांत्रिक चरित्र पर प्रतिकूल प्रभाव कैसे पड़ा ?

30. Explain the rise of political violence in the North-Eastern part of India. **4**

भारत के उत्तर-पूर्वी भाग में बढ़ती राजनीतिक हिंसा की व्याख्या कीजिए ।

31. What is meant by 'Shock Therapy' ? Assess its consequences on the post-communist regimes. **2 + 4 = 6**

**OR**

Examine India's relationship with the former Soviet Union during the Cold War.

'शॉक थेरेपी' से क्या अभिप्राय है ? उत्तर साम्यवादी सत्ताओं पर इसके परिणामों का आकलन कीजिए ।

अथवा

शीत युद्ध के दौरान पूर्ववर्ती सोवियत संघ के साथ भारत के सम्बन्धों का परीक्षण कीजिए ।

32. Evaluate India's changing relationship with USA. 6

OR

Analyse the role of USA in global war on terrorism after the attack on the World Trade Center on 9/11 in 2001.

संयुक्त राज्य अमरीका के साथ भारत के बदलते सम्बन्धों का मूल्यांकन कीजिए ।

अथवा

11 सितम्बर 2001 को वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर पर आक्रमण के उपरान्त आतंकवाद के खिलाफ विश्वस्तरीय युद्ध में संयुक्त राज्य अमरीका की भूमिका का विश्लेषण कीजिए ।

33. Explain the factors responsible for the rise of the Chinese economy. 6

OR

Explain the vision of the ASEAN for 2020.

चीनी अर्थव्यवस्था की उन्नति के लिए उत्तरदायी कारकों की व्याख्या कीजिए ।

अथवा

2020 के लिए आसियान की स्वप्न-दृष्टि (vision) की व्याख्या कीजिए ।

34. 'The emergency declared on June 25, 1975 is seen as a blur on Indian democracy.' Assess its impact on the party system in India. 6

OR

What is 'Naxalite Movement' ? Evaluate its role in Indian politics.

'25 जून, 1975 को घोषित किए गए आपातकाल को भारतीय लोकतन्त्र पर धब्बा माना जाता है ।' इस घोषणा के भारतीय दलीय प्रणाली पर पड़े प्रभाव का आकलन कीजिए ।

**अथवा**

'नक्सलवादी आन्दोलन' क्या है ? भारतीय राजनीति में इसकी भूमिका का मूल्यांकन कीजिए ।

35. Explain any three challenges for nation building faced by India at the time of its independence. **6**

**OR**

Answer the following questions based upon the Presidential address of Mohammad Ali Jinnah at Karachi on August, 11, 1947 : **2 + 2 + 2 = 6**

"We should begin to work in that spirit and in course of time all these angularities of the majority and minority communities, the Hindu community and the Muslim community – because even as regards Muslims you have Pathans, Punjabis, Shias, Sunnis and so on and among the Hindus you have Brahmins, Vaishnavas, Khatris, also Bengalees, Madrasis and so on – will vanish. ... You are free ; you are free to go to your temples, you are free to go to your mosques or to any other place of worship in this State of Pakistan. You may belong to any religion or caste or creed – that has nothing to do with the business of the State."

(a) Do you think that Jinnah's statement contradicts the theory which was the basis of the creation of Pakistan ? Justify your answer.

(b) What is the essence of Jinnah's statement in this passage ?

(c) To what extent did Pakistan live up to Jinnah's expectations in this passage ?

स्वतंत्रता के समय भारत के समक्ष राष्ट्र-निर्माण सम्बन्धी किन्हीं तीन चुनौतियों की व्याख्या कीजिए ।

**अथवा**

कराची में 11, अगस्त 1947 को मुहम्मद अली जिन्ना द्वारा दिए गए अध्यक्षीय भाषण के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

"हमें बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक समुदायों की इन जटिलताओं को दूर करने की भावना से काम करना चाहिए । बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक – दोनों ही समुदायों में तरह-तरह के लोग शामिल हैं । अगर मुस्लमान पठान, पंजाबी, शिया और सुन्नी आदि में बंटे हैं तो हिन्दु भी ब्राह्मण, वैष्णव, खत्री तथा बंगाली, मद्रासी आदि समुदायों में... ये अन्तर समाप्त हो जाएँगें । पाकिस्तान में आप आज़ाद हैं, आप अपने मन्दिर में जाने के लिए आज़ाद हैं, आप अपनी मस्जिद में जाने या किसी भी अन्य पूजास्थल में जाने के लिए आज़ाद हैं । आप किसी भी धर्म, जाति या विश्वास के हो सकते हैं – इसका राज्य के कार्यों पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा ।"

(अ) क्या आप समझते हैं कि जिन्ना का वक्तव्य उस सिद्धान्त के विरुद्ध है जिसके अनुसार पाकिस्तान का जन्म हुआ ? अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए ।

(ब) इस लेखांश में जिन्ना के वक्तव्य का क्या सार है ?

(स) इस लेखांश में पाकिस्तान, किस सीमा तक जिन्ना की अपेक्षाओं पर खरा उतरा है ?

---